प्रादेशिक समाचार
दिनांक–10.10.2024 (संध्या 1900 बजे)

मुख्य समाचार

1. **दिग्गज उद्योगपति रतन टाटा का राजकीय सम्मान के साथ आज मुंबई में किया गया अंतिम संस्कार, केन्द्र सरकार की ओर से केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह अंत्येष्टि कार्यक्रम में हुए शामिल।**
2. **चतरा में टीएसपीसी के सब जोनल कमांडर हरेंद्र गंझू के दस्ते और पुलिस के बीच मुठभेड़ में दो उग्रवादी मारे गए।**
3. **महाष्टमी पर आज मां दुर्गे के महागौरी स्वरूप की हो रही है अराधना, सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम, राज्य सरकार ने कहा–भ्रामक खबर फैलाने वालों के खिलाफ की जाएगी कड़ी कार्रवाई।**
4. **राष्ट्रीय जूनियर महिला हॉकी में झारखंड की टीम चैंपियन, मध्य प्रदेश को एक के मुकाबले तीन गोल से किया पराजित।**

****

दिग्गज उद्योगपति दिवंगत रतन टाटा का आज मुंबई के वर्ली स्थित श्मशान भूमि पर राजकीय सम्मान के साथ अंतिम संस्कार किया गया। उनके अंतिम संस्कार कार्यक्रम में केन्द्र सरकार की ओर से केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह समेत अनेक गणमान्य लोग शामिल हुए। इस मौके पर उद्योग, राजनीति और समाज के विभिन्न क्षेत्रों के अनेक गणमान्य लोग मौजूद थे। गौरतलब है कि बीती रात 86 वर्ष की आयु में रतन टाटा का मुंबई के एक निजी अस्पताल में निधन हो गया था। इधर झारखंड में रतन टाटा के निधन पर आज राजकीय शोक रखा गया। आपको बता दें कि रतन टाटा का जमशेदपुर शहर से खास लगाव था। वे सन 1962 में टाटा समूह में सहायक के रूप में शामिल हुए थे। उसी वर्ष टाटा इंजीनियरिंग एंड लोकोमोटिव कंपनी के जमशेदपुर संयंत्र में छह महीने की ट्रेनिंग ली थी। वे अंतिम बार 3 मार्च 2021 को जमशेदपुर आए थे।

****

दिग्गज उद्योग पति रतन टाटा के निधन पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार और मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन समेत कई गणमान्य लोगों ने शोक व्यक्त किया है। इधर केन्द्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने भी रतन टाटा के निधन पर शोक व्यक्त किया है। उन्होंने रांची में पत्रकारों से बातचीत में कहा कि रतन टाटा का निधन भारतीय उद्योग जगत के लिए एक अपूरणीय क्षति है।

****

झारखंड को आज दो और ट्रेनों की सौगात मिली। रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने नई दिल्ली से वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से साहिबगंज–हावड़ा इंटरसिटी एक्सप्रेस को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस मौके पर रेलमंत्री ने आनंद विहार–अगरतला राजधानी एक्सप्रेस के साहिबगंज में ठहराव का भी शुभारंभ किया। इस दौरान अपने संबोधन में रेलमंत्री ने सांसद निशिकांत दूबे और विधायक अनंत कुमार ओझा के प्रयासों की सराहना की।

****

प्रदेश भाजपा अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने कहा है कि सरकार गठन होते ही पार्टी जनता से किये गये हर वायदे को पूरा करेगी। श्री मरांडी ने सोशल मीडिया पर पोस्ट एक वीडियो में कहा है कि सरकार बनते ही पहली कैबिनेट में पंच प्रण को लागू किया जाएगा। उन्होंने कहा कि भाजपा के पंच प्रण से हेमंत सोरेन की सरकार बौखला गयी है।

****

चतरा जिले के सदर और वशिष्ठनगर जोरी थाना क्षेत्र के जंगल में टीएसपीसी के सब जोनल कमांडर हरेंद्र गंझू के दस्ते और पुलिस के बीच मुठभेड़ में दो उग्रवादी मारे गए, जबकि एक उग्रवादी घायल हो गया, जिसे गिरफ्तार कर लिया गया है। चतरा एसपी विकास पांडेय ने बताया कि सर्च अभियान के दौरान यह मुठभेड़ हुई।

****

राजधानी रांची समेत राज्यभर में दुर्गा पूजा धूमधाम से मनायी जा रही है। नवरात्र की महाष्टमी पर आज मां दुर्गे के महागौरी स्वरूप की अराधना की जा रही है।

इधर रांची के डोरंडा स्थित जैप वन में महाष्टमी पर फूल पाती शोभा यात्रा निकाली गई। इस दौरान जैप के जवानों ने फायरिंग कर मां को सलामी दी। मान्यता के अनुसार शोभा यात्रा के दौरान छह अलग–अलग स्थानों पर वृक्ष की पूजा होती है। शोभा यात्रा के दौरान जवानों द्वारा आकर्षक धुन प्रस्तुत की गई।

****

दुर्गा पूजा के दौरान किसी अप्रिय घटना को रोकने के लिए पुलिस प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद है। राज्य के आईजी अभियान एवी होमकर ने बताया कि त्योहार के दौरान सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने के लिए बड़ी संख्या में पुलिस के जवानों की तैनाती की गई है। उन्होंने कहा कि हरेक जिले में कण्ट्रोल रूम बनाए गए हैं, जहाँ से पूजा पंडालों और भीड़भाड़ वाले स्थानों पर पैनी निगाह रखी जा रही है।

आईजी अभियान ने लोगों से सोशल मीडिया पर अपुष्ट और भ्रामक खबरों से बचने की सलाह दी है। उन्होंने कहा कि भ्रामक खबर फैलाने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

****

केंद्र सरकार ने आज राज्य सरकारों के लिए एक लाख 78 हजार करोड़ रुपये से अधिक की कर राशि जारी की। वित्त मंत्रालय के अनुसार आगामी त्योहारों और राज्यों के पूंजीगत व्यय में तेजी लाने तथा विकास कार्यों को आगे बढ़ाने के लिए एक अग्रिम किस्त जारी की गई थी।

****

गढ़वा जिले में बढ़ती सड़क दुर्घटनाओं को लेकर जिला प्रशासन गंभीर है।

****

रामगढ़ जिले में राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या–33 पर आज एक अनियंत्रित ट्रक के पलट जाने से तीन बच्चियों की मौत हो गयी, जबकि दो बच्चियां गंभीर रूप से घायल हो गयी। गंभीर रूप से घायल दोनों बच्चियों का इलाज सदर अस्पताल में चल रहा है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार चावल लदा ट्रक अनियंत्रित होकर बच्चियों के ऊपर पलट गया था।

****

राष्ट्रीय जूनियर महिला हॉकी का खिताब झारखंड की टीम ने जीत लिया है। रांची के मरांग गोमके जयपाल सिंह स्ट्रोटर्फ स्टेडियम में आज खेले गये फाइनल मुकाबले में झारखंड की टीम ने मध्य प्रदेश को एक के मुकाबले तीन गोल से पराजित किया।

********समाप्त********